http://www.a2zSubjects.com

# MP BOARD CLASS 10 PAPER 2015

# सामाजिक विज्ञान : कक्षा X

## खण्ड-अ

प्रश्न 1. रिक्त-स्थानों की पूर्ति कीजिए— 1 × 5 = 5

(अ) संयुक्त वन प्रबन्धन व्यवस्था में ............ का महत्वपूर्ण स्थान है।

(ब) सोयाबीन उत्पादन में प्रथम स्थान प्राप्त भारतीय राज्य ............ है।

(स) दिल्ली की जनता ने ............ को भारत का सम्राट घोषित किया।

(द) डॉ. अम्बेडकर संविधान की ............ के अध्यक्ष थे।

(इ) ............ को समाजवाद का जनक माना जाता है।

उत्तर—(अ) वन सुरक्षा समितियों, (ब) मध्य प्रदेश, (स) बहादुरशाह (द्वितीय), (द) प्रारूप समिति, (इ) कार्ल मार्क्स।

प्रश्न 2. एक शब्द या वाक्य में उत्तर दीजिए— 1 × 5 = 5

(अ) भारत में पशुओं पर आधारित दो उद्योग कौन से हैं ?

(ब) 1857 के विद्रोह का तात्कालिक कारण क्या था ?

(स) संविधान में नागरिकों को कितने मूल अधिकार प्रदान किये गये हैं ?

(द) भारत में बैंकों का राष्ट्रीयकरण कब हुआ ?

(इ) भारत में प्रथम पंचवर्षीय योजना कब लागू की गयी ?

उत्तर—(अ) डेरी व माँस, (ब) चर्बी लगे कारतूस, (स) 6, (द) 14 जुलाई, 1969, (इ) 1 अप्रैल, 1951 को।

http://www.a2zSubjects.com

प्रश्न 3. सही जोड़ी बनाइए— 1 × 5 = 5

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| (i) सांताक्रुज | (क) महात्मा गांधी |
| (ii) सविनय अवज्ञा आन्दोलन | (ख) 250 |
| (iii) मध्य प्रदेश के विधान सभा सदस्यों की संख्या | (ग) 230 |
| (iv) जॉब कार्ड | (घ) मुम्बई |
| (v) राज्यसभा के सदस्यों की संख्या | (ङ) पंजीकृत परिवार |

उत्तर—(i) → (घ), (ii) → (क), (iii) → (ग), (iv) → (ङ), (v) → (ख)।

प्रश्न 4. सही विकल्प चुनकर लिखिए— 1 × 5 = 5

(अ) मानव जनित आपदा है—

(i) सूखा (ii) बाढ़

(iii) भूस्खलन (iv) सड़क दुर्घटना।

(ब) भारत-चीन युद्ध हुआ था—

(i) 1960 ई. में (ii) 1962 ई. में

(iii) 1965 ई. में (iv) 1967 ई. में।

(स) कृषि क्षेत्र सम्मिलित है—

(i) प्राथमिक में (ii) द्वितीयक में

(iii) तृतीयक में (iv) द्वितीयक एवं तृतीयक दोनों में।

(द) सेवा क्षेत्र रोजगार प्रदान करता है—

(i) प्रत्यक्ष रूप से (ii) अप्रत्यक्ष रूप से

(iii) प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष दोनों रूप से (iv) इनमें में से कोई नहीं।

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com

(इ) भारत में रेल सेवा आरम्भ हुई–

(i) 1853 ई. में (ii) 1854 ई. में

(iii) 1856 ई. में (iv) 1857 ई. में।

उत्तर–(अ) (iv), (ब) (ii), (स) (i), (द) (iii), (इ) (i).

प्रश्न 5. सत्य/असत्य बताइए– 1 × 5 = 5

(i) जनसंख्या विस्फोट से साधनों की कमी हो जाती है।

(ii) उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम 1955 में पारित किया गया।

(iii) 24 दिसम्बर को भारत में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के रूप में मनाया जाता है।

(iv) बेरोजगारी से लोकतन्त्र को कोई खतरा नहीं है।

(v) 'एगमार्क' कृषि उत्पादों के लिये सुरक्षा चिह्न है।

उत्तर–(i) सत्य, (ii) असत्य, (iii) सत्य, (iv) असत्य, (v) असत्य।

## खण्ड-ब

प्रश्न 6. मृदा संरक्षण से आप क्या समझते हैं ? 2

*अथवा*

भारत में पाई जाने वाली मिट्टियों के नाम लिखिए।

प्रश्न 7. 1857 की क्रान्ति के प्रमुख केन्द्र कौन-कौनसे थे ? 2

*अथवा*

कांग्रेस की स्थापना कब और किसने की थी ?

प्रश्न 8. राष्ट्रीय आय क्या है एवं इसे कैसे ज्ञात किया जाता है ? लिखिए। 2

*अथवा*

ए. टी. एम. क्या है ?

प्रश्न 9. सेवा क्षेत्र क्या है ? 2

*अथवा*

प्राथमिक क्षेत्र को उदाहरण देकर समझाइए।

प्रश्न 10. सूचना का अधिकार क्या है ? 2

*अथवा*

उपभोक्ता शोषण से क्या आशय है ?

प्रश्न 11. जल प्रदूषण रोकने के लिये चार उपाय बताइए। 4

*अथवा*

भारत में उद्योग कितने प्रकार के हैं ? स्वामित्व के आधार पर उद्योगों का वर्णन करिए।

प्रश्न 12. किन्हीं चार संचार साधनों के बारे में लिखिए। 4

*अथवा*

अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार को प्रभावित करने वाले कारकों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 13. आपदा प्रबन्धन से क्या आशय है ? आपदा प्रबन्धन के मुख्य तत्व बताइए। 4

*अथवा*

सुनामी किसे कहते हैं ? इसके मुख्य कारणों का विवरण दीजिए।

प्रश्न 14. असहयोग आन्दोलन का संक्षिप्त वर्णन करिए। 4

*अथवा*

मध्य प्रदेश के राष्ट्रीय चेतना की जागृति हेतु प्रकाशित होने वाले समाचार-पत्रों के नाम लिखिये।

प्रश्न 15. भारत और चीन युद्ध के क्या परिणाम हुए ? लिखिए। 4

*अथवा*

http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com

ताशकन्द समझौते की शर्तें लिखिए।

प्रश्न 16. संसदीय शासन प्रणाली की चार विशेषताएँ बताइए। 4

*अथवा*

संविधान में वर्णित मौलिक कर्त्तव्यों का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न 17. मिश्रित अर्थव्यवस्था किसे कहते हैं ? इसकी चार विशेषताएँ लिखिये। 4

*अथवा*

वैश्वीकरण से उत्पन्न समस्याएँ बताइए।

प्रश्न 18. भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए– 5

(i) अरब सागर (ii) मुम्बई
(iii) चेन्नई (iv) दिल्ली
(v) थार का मरुस्थल।

*अथवा*

निम्नलिखित मौसम सम्बन्धी संकेतों को अपनी उत्तर पुस्तिका में दर्शाइए–

(i) सूर्य का प्रकाश (ii) वर्षा
(iii) हिम (iv) सबल समीर
(v) तड़ित झंझा।

प्रश्न 19. सविनय अवज्ञा आन्दोलन चलाये जाने के क्या कारण थे ? 5

*अथवा*

सविनय अवज्ञा आन्दोलन का मध्य प्रदेश पर क्या प्रभाव पड़ा ?

प्रश्न 20. भारत में आपातकाल की घोषणा कौन करता है तथा वह कितने प्रकार का होता है ? 5

*अथवा*

1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के कोई पाँच परिणाम लिखिए।

प्रश्न 21. लोकसभा अध्यक्ष के कार्य बताइए। 5

*अथवा*

राज्यपाल के कार्य लिखिए।

प्रश्न 22. भारत में बेरोजगारी दूर करने के उपायों का वर्णन कीजिए। 5

*अथवा*

आतंकवाद का समाज पर क्या प्रभाव पड़ता है ? इसे दूर करने के उपाय लिखिए।

प्रश्न 23. भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि के योगदान को स्पष्ट कीजिए। 6

*अथवा*

वन्य प्राणी संरक्षण क्यों आवश्यक है ? वन्य प्राणी संरक्षण के उपाय बताइए।

प्रश्न 24. 1857 के स्वतन्त्रता संग्राम की असफलता के कारण बताइए। 6

*अथवा*

उग्र राष्ट्रवाद के उदय के कारणों का वर्णन कीजिए।

http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com